# PK UNIVERSITY





## NEWS LETTER (Vol.-2, Issue-4) (Oct – Dec 2025)

## About PK University

P.K. University has been established keeping in view the foregoing are growing emphasis on global competitiveness, the need to bridge the gap between theory and practice and the growing demand for highly skilled personnel in the frontier areas of Management, Engineering and Technology, medicine, Architecture, Information Technology and Computing, Paramedical and Pharmacy, Insurance, Bio-sciences, fashion, Law, Hospitality and Tourism and other fields of education, the Sonal Educational Society proposes to establish as University in Shivpuri (M.P) entitled P.K. University encompassing all the major disciplines the majority of the courses will be innovative, practice oriented, flexible, modular and ensure that the students acquire the necessary skills and knowledge for successful careers. The University will establish a close liaison with the productive sector, broaden the mental horizons of its student and provide a stimulating place through study, stay and learn. This will meet the growing needs of the students of not only Madhya Pradesh but also India and abroad too. Since all the courses to be offered by P.K. University are going to be innovative and highly practical oriented this will go a long way in fulfilling the aspiration of student and parents at Utter Pradesh and adjoining area.

# पी० के० विश्वविद्यालय में 'विश्व वन्यजीव सप्ताह – 2025' के अवसर पर एक सफल राष्ट्रीय ऑनलाइन (ज़ूम) वेबिनार का आयोजन




पी.के. विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय और इंडियन बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 7 अक्टूबर 2025 को 'विश्व वन्यजीव सप्ताह – 2025' के अवसर पर एक सफल राष्ट्रीय ऑनलाइन (ज़ूम) वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय "वन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और ग्रह में निवेश" (Wildlife Conservation Finance: Investing in People and Planet) था। कार्यक्रम में देश भर से वन्यजीव संरक्षण, शिक्षा और वित्त के क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। वेबिनार का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण की चुनौतियों, उनके लिए वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता और इसमें मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डालना था।

वेबिनार में पी.के. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री. जे.पी. शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे.के. मिश्रा, कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे, प्रो वाइस चांसलर प्रो. मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातिमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ. जितेंद्र मलिक, प्रो. (डॉ०) के.के. शर्मा, प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी, डॉ. विवेक गुप्ता, इंडियन बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ० सोनिका कुशवाहा, सचिव अखिलेश कुमार, डॉ० अशीष विश्वकर्मा, डॉ. प्रवीण कुमार, आशीष प्रताप सिंह, नीरज गौर, कु. आयुषी चौरसिया व कु. एरम नैयर सहित शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ, छात्र-छात्राओं व शोधार्थियों ने सहभागिता की।

## पी.के. विश्वविद्यालय में 'नुक्कड़ नाटक' के माध्यम से विद्यार्थियों को एन.ई.पी. 2020 के प्रमुख पहलुओं से कराया गया परिचित







पी.के. विश्वविद्यालय, शिवपुरी में 9 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.-2020) की व्यापक जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक 'नुक्कड़ नाटक' जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के एन.ई.पी. सारथी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य विषय "Transforming Higher Education through NEP 2020" (एन.ई.पी. 2020 के माध्यम से उच्च शिक्षा को बदलना) था। जागरूकता अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, वाईस चांसलर प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, प्रो वाईस चांसलर प्रो० मुकेश चंसोरिया, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी, एन.ई.पी. सारथी के समन्वयक डॉ० कौशल नरेश अमर एवं समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.-2020) की व्यापक जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक 'नुक्कड़ नाटक' जागरूकता अभियान का आयोजन



दिनांक 18/10/2024 को पी के विश्वविद्यालय में धनतेरस, दीपावली एवं धन्वन्तरी पूजा का धूमधाम से आयोजन किया। साथ ही, विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक विभाग द्वारा भगवान धनवंतरी के पूजन का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर पूरे विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, प्रति कुलपति डॉ० मुकेश चंसोरिया, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक सहित समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं तथा पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल से मेडिकल ऑफिसर डॉ० शुभम शर्मा, डॉ० सौरभ द्विवेदी, डॉ० शैलेना शर्मा, डॉ० आनंद के साथ समस्त नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

## 'राष्ट्रीय एकता दिवस' बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया









देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर, पी. के. विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरय्या ऑडिटोरियम में 31 अक्टूबर 2025 को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के विज्ञान और विधि संकाय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के निदेशक (प्रशासन) डॉ. जे. के. मिश्रा, कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चंद दुबे, प्रतिकुलपति प्रो. (डॉ.) मुकेश चंसोरिया, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़

फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, डॉ० आशीष विश्वकर्मा, डॉ० प्रवीण कुमार, डॉ० भास्कर नल्ला, डॉ० कौशल नरेश, डॉ० विष्णुकान्त वर्मा, आयुषी चौरसिया सहित समस्त शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ व छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## Nov - 2025

## “सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी “ थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन








पी.के. विश्वविद्यालय में केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार, "सतर्कता: हमारी साझा ज़िम्मेदारी" (Vigilance : Our Shared Responsibility) थीम पर दिनांक 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। जागरूकता सप्ताह का मुख्य उद्देश्य छात्रों, कर्मचारियों एवं जन समुदाय को ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक आचरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में अपनी "साझा जिम्मेदारी" निभाने के लिए प्रेरित करना था। इस जागरूकता सप्ताह के दौरान, पी० के० विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा "पॉलीथीन प्रदूषण समस्या और निदान" पर क्विज़ और निबंध, कृषि संकाय द्वारा "पर्यावरण संरक्षण में भूमिका" पर नुक्कड़ नाटक, कला संकाय द्वारा "यातायात नियम सतर्कता" और "सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर पोस्टर, स्लोगन और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त लॉ, साइंस, इंजीनियरिंग, कॉमर्स, मैनेजमेंट विभागों ने भी पोस्टर प्रस्तुति, डिबेट, रंगोली, निबंध, क्विज़, और पेंटिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

साथ ही, पी० के० विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल (AYU0902) द्वारा 'सतर्कता ही आपकी जिम्मेदारी' शीर्षक के तहत एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य चिकित्सा, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग और दंत चिकित्सा जैसे कई विभागों के योग्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं और लगभग 185 स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में पी० के० विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, प्रति कुलपति डॉ० मुकेश चंसोरिया, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, डीन

ऑफ़ रिसर्च डॉ० भास्कर नल्ला, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी, डॉ० विवेक गुप्ता, डॉ० प्रभाकर, डॉ० आशीष विश्वकर्मा, डॉ० कौशल नरेश अमर, डॉ० विष्णु सहित समस्त शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ व छात्र/छात्राएं तथा पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल से मेडिकल ऑफिसर डॉ० शुभम शर्मा, डॉ० सैलेना शर्मा, डॉ० सौरभ द्विवेदी, डॉ० आनंद एवं अन्य योग्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रगीत “वन्दे मातरम” के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने पर गीत के सामूहिक गान का आयोजन










दिनांक 7 नवंबर 2025 को राष्ट्रगीत #VandeMataram के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में, देश के यशस्वी मा० प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी❣ के आव्हान एवं शासन के निर्देशानुसार आज पी० के० विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय समयानुसार प्रातः 9.50 पर #वंदे_मातरम् गीत के सामूहिक गान का आयोजन कर इस ऐतिहासिक पल को राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाया गया। इस दौरान सभी ने लाइव प्रसारण के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के उद्बोधन को भी सुना।

‘वंदे मातरम्’ केवल शब्दों का संग्रह नहीं, भारत की आत्मा का स्वर है। अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध ‘वंदे मातरम्’ ने देश को संगठित करके आजादी की चेतना को बल दिया। साथ ही, क्रांतिकारियों के मन में मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण, गर्व और बलिदान की भावना जगाई।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रसासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा सहित विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मयूर दिवस पर वेबिनर आयोजित










दिनांक 15 नवम्बर 2025 को, पी.के. विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ साइंस द्वारा 'राष्ट्रीय मयूर दिवस-2025' के अवसर पर 'पारिस्थितिकी तंत्र में भारत के राष्ट्रीय पक्षी को सम्मान' विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन ज़ूम वेबिनार के माध्यम से ऑनलाइन मोड में आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और शोधार्थियों ने भाग लिया। इस अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में विशेषज्ञों ने मोर के महत्व, उसके संरक्षण की चुनौतियों, और पारिस्थितिकी तंत्र में उसकी भूमिका पर गहन चर्चा की। प्रतिभागियों ने इस ज्ञानवर्धक सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रीय पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

वेबिनार में यू.एस.ए की रोवन यूनिवर्सिटी से डॉ. लाल चंद्र विश्वकर्मा, लखनऊ विश्वविद्यालय से प्रो. डॉ. अमिता कनौजिया, ए.वी.सी. कॉलेज (स्वायत्त), तमिलनाडु के प्राणी विज्ञान विभाग और वन्यजीव जीव विज्ञान विभाग से डॉ. एम.सी. सत्यनारायण तथा पी० के० विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे० के० मिश्रा, कुलपति, प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे, प्रति कुलपति प्रो. मुकेश चंसोरिया, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, कुलसचिव डॉ० जितेन्द्र मलिक, विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष विश्वकर्मा, डॉ. प्रवीण कुमार, आशीष प्रताप सिंह, कु. आयुषी चौरसिया सहित विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# कृषि संकाय के तत्वावधान में मशरूम की खेती को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ









दिनांक 17 नवम्बर 2025 को पी० के० विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के तत्वावधान में मशरूम की खेती को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों को मशरूम की खेती की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मशरूम कल्टीवेशन के मास्टर प्रशिक्षक प्रवीण वर्मा ने मशरूम के पोषकीय व औषधीय महत्व एवं गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलपति प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० प्रभाकर कुमार, फार्मेसी संकाय के प्रधानाचार्य डॉ० विवेक गुप्ता सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## पी० के० विश्वविद्यालय में 'फ्रेशर्स पार्टी 2025' का सफलतापूर्वक आयोजन









पी. के. विश्वविद्यालय में फार्मेसी संकाय ने 'फ्रेशर्स पार्टी 2025' का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें विश्वविद्यालय के परिवेश से परिचित कराना था। इस अवसर पर, विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों (नृत्य, गायन, नाटक, रैंप वॉक) के माध्यम से अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे. पी. शर्मा और प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा ने विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार और नवाचार के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो०(डॉ०) मुकेश चंसोरिया, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, कुलसचिव डॉ० जितेन्द्र मलिक, फार्मेसी संकाय के प्रधानाचार्य डॉ. विवेक गुप्ता, सहायक अध्यापक ज्ञान, योगेश, कुलदीप, शिवम, रेखा निगम आदि सहित विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पी०के० विश्वविद्यालय एवं इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट (IMD), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सातवीं राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल समापन










पी० के० विश्वविद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.) द्वारा इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट (IMD), नई दिल्ली के सहयोग से 24 नवंबर 2025 को आयोजित सातवीं राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल समापन हुआ। संगोष्ठी का मुख्य विषय "कृषि, फार्मेसी और औद्योगिक विकास पर वैश्वीकरण का प्रभाव" था।

संगोष्ठी के तकनीकि सत्र में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं शोधार्थियों द्वारा "कृषि, फार्मेसी और औद्योगिक विकास पर वैश्वीकरण का प्रभाव" विषय से सम्बन्धित विभिन्न बिदुओं पर शोध पत्र प्रस्तुत किये गए।

इस अवसर पर पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित समाज सेवक, जल प्रहरी श्री उमाशंकर पाण्डेय जी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. अखिलेश कुमार पाण्डेय, आईसीएआर-काफरी, झाँसी के निदेशक डॉ. ए. अरुणाचलम, राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख डॉ. राजेंद्र कुमार जेनामनी, आईएमडी भोपाल की वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के साथ पी० के० विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, प्रति कुलपति डॉ० मुकेश चंसोरिया, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, कुलसचिव डॉ० जितेन्द्र मलिक, आयुष संकाय के प्राचार्य डॉ. वद्रेवु भास्कर, डीन ऑफ़ रिसर्च डॉ० भास्कर नल्ला, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी, कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० प्रभाकर कुमार सहित सभी संकायों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ व छात्र-छात्राएं एवं पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक हॉस्पिटल एवं कॉलेज से मेडिकल ऑफिसर डॉ० शुभम, डॉ० सौरभ, डॉ० सैलेना, डॉ० आनंद उपस्थित रहे।

# 7 दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का समापन








पी.के. विश्वविद्यालय, ग्राम थनरा, जिला शिवपुरी (म.प्र.) के अंतर्गत संचालित पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा करेरा तहसील के बगीचा वाले हनुमान जी स्थान पर आयोजित 7 दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का दिनांक 25 नवम्बर 2025 को सफलतापूर्वक समापन हो गया। शिविर में स्थानीय लोगों ने सैंकड़ों की संख्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल के अनुभवी एवं योग्य चिकित्सकों के माध्यम से निशुल्क उपचार और चिकित्सा परामर्श प्राप्त किया।

निशुल्क परीक्षण और परामर्श शिविर में आयुर्वेद पद्धति द्वारा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों से संबंधित रोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया गया। हॉस्पिटल के अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएँ दीं, जिससे मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा मिली। शिविर में पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल अस्पताल के कुशल एवं योग्य डॉक्टरों की एक टीम सहित जनरल, फिजिशियन, डायबिटीज, थायराइड तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं अन्य डॉक्टरों द्वारा मरीजों की बी.पी., शुगर, वजन, लीवर, किडनी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, चर्म रोग, पीलिया, गठिया रोग (जोड़ों का दर्द) आदि रोगों की जांच करते हुए उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इसके अलावा, पंचकर्मा थैरेपी की सुविधा भी प्रदान की गई।

शिविर में पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल से प्राचार्य डॉ० वद्रेवु भास्कर, मेडिकल ऑफिसर डॉ० शुभम शर्मा, डॉ० सैलेना शर्मा, डॉ० सौरभ द्विवेदी, डॉ० आनंद कुमार, डॉ० कृष्ण कुमार दुबे तथा नर्सिंग स्टाफ में सुनील, दीक्षा, अनुराधा, संजना, नीतू, दीपक मिश्रा, प्रिंस आदि उपस्थित रहे।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम (POSH Act, 2013) विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





पी.के. विश्वविद्यालय में 25 नवम्बर 2025 को, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम (POSH Act, 2013) विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं कर्मचारियों को सुरक्षित, सम्मानजनक और भेदभाव-मुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने हेतु जागरूक करना था।

सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने कानूनी प्रावधान, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, महिलाओं के अधिकार और कार्यस्थल पर व्यवहार संबंधी दिशा-निर्देशों पर विस्तृत जानकारी साझा की।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, प्रति कुलपति डॉ० मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ० जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी, सहित विश्वविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

## संविधान दिवस पर पी.के. विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन



पी.के. विश्वविद्यालय के कला संकाय द्वारा 26 नवम्बर 2025 'राष्ट्रीय संविधान दिवस' के अवसर पर "भारत का संविधान लोकतंत्र की आधारशिला" विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। यह ऑनलाइन वेबिनार गूगल मीट प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित किया गया। वेबिनार में वक्ताओं ने भारतीय संविधान के महत्व और लोकतंत्र में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

वेबिनार में झाँसी-प्रयागराज खण्ड के शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी, राजकीय महिला महाविद्यालय झाँसी के पूर्व प्राचार्य डॉ. बी. डी. त्रिपाठी तथा पी.के. विश्वविद्यालय के मा० कुलाधिपति श्री जी.पी. शर्मा, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा, माननीय कुलगुरु (कुलपति) प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे, प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) मुकेश चंसौरिया, कुलसचिव डॉ० जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी, डॉ० विष्णु कांत वर्मा सहित समस्त शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पी.के. विश्वविद्यालय में दो दिवसीय 'प्लांट क्लिनिक प्रशिक्षण' का सफल समापन








पी.के. विश्वविद्यालय के कृषि संकाय द्वारा 29 नवम्बर 2025 को आयोजित दो दिवसीय 'प्लांट क्लिनिक प्रशिक्षण' का आज समापन हुआ। मुख्य वक्ता प्लांट क्लिनिक विशेषज्ञ डॉ. महजबीं हासमी ने प्रतिभागियों को पौधों के रोग निदान और उपचार की आधुनिक तकनीकें सिखाईं।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा, प्रति कुलपति मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा एवं कृषि संकाय से डॉ० महेंद्र चौधरी, अजय जाटव, प्रह्लाद यादव  के साथ समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# गीता जयंती समारोह का भव्य समापन, 'निष्काम कर्म' के संदेश पर प्रकाश डाला गया





पी. के. विश्वविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार, 9 दिसम्बर 2025 को श्रीमद्भगवद्गीता की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। विश्वविद्यालय परिसर श्लोकों के सामूहिक पाठ और गीता-आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंज उठा। कार्यक्रम शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। अतिथियों और छात्रों द्वारा चयनित अध्यायों के श्लोकों का सामूहिक पारायण किया गया, जिसका उद्देश्य सभी को गीता के मूल संदेशों से अवगत कराना था।

छात्र-छात्राओं ने गीता के उपदेशों पर आधारित गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें सभी ने खूब सराहा गया। श्लोक-पाठ, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा कर विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार/प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन 'गीता जयति... गीता ज्ञानम' घोष और समूह गान/गीता महिमा स्तुति, राष्ट्रीय गीत एवं शांति मंत्र के साथ हुआ।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलपति प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, प्रतिकुलपति डॉ० मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ० जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, नोडल अधिकारी एवं विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी सहित समस्त शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# मानवाधिकार दिवस समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न










पी.के. विश्वविद्यालय में 10 दिसंबर 2025 को मानवाधिकार दिवस समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित विश्व मानवाधिकार घोषणा के सम्मान में तथा समाज में मानवाधिकारों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु समर्पित था।

कार्यक्रम का उद्देश्य मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों को समझाना , तथा विद्यार्थियों में सामाजिक न्याय और संवेदनशीलता विकसित करना था।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलपति प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, प्रति कुलपति डॉ० मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ० जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी सहित समस्त शैक्षणिक/गैरशैक्षणिक स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे l

## पी के विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित शिव परिवार मंदिर का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया





दिनांक 12 दिसम्बर 2025 को पी के विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित शिव परिवार मंदिर का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य रुद्राभिषेक, सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भंडारा का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे०पी० शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, प्रति कुलपति डॉ० मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ० जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, सहित विभिन्न संकायों के विभागाध्यक्ष/प्रिंसिपल, शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे l

## पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न







पी.के. विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित के पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा 20 दिसंबर 2025 को आयोजित विशाल रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में 'Be a Hero – Save Lives' के उद्देश्य के साथ किया गया।

इस अवसर पर भाजपा से शिवपुरी के जिलाध्यक्ष श्री जसवंत जाटव जी, पी० के० विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे. पी. शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, प्रति कुलपति प्रो० (डॉ०) मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ० जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल से प्रिंसिपल डॉ० वद्रेवु भास्कर, मेडिकल ऑफिसर डॉ० शुभम शर्मा, डॉ० सैलेना शर्मा, डॉ० सौरभ द्विवेदी, डॉ० आनंद, डॉ० कृष्णा सहित समस्त चिकित्सा स्टाफ उपस्थित रहा।

## डिप्लोमा इंजीनियरिंग के 5th सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कराया गया औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण



पी.के. विश्वविद्यालय के डिप्लोमा इंजीनियरिंग (Civil, Mechanical, Electrical, और Computer Science) के 5th सेमेस्टर के विद्यार्थियों को 29 दिसम्बर 2025 को ग्राम खुदावली स्थित "J.P. Sand Stone" प्लांट का एक सफल औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य छात्रों को क्लासरूम में सीखी गई थ्योरी को असल कार्यक्षेत्र पर लागू होते हुए दिखाना था। छात्रों ने प्लांट में M-Sand, Dust, और Aggregate के उत्पादन की बारीकियों को समझा और जाना कि कैसे 2000 टन प्रतिदिन की विशाल क्षमता के साथ आधुनिक मशीनें काम करती हैं।
इस शैक्षणिक यात्रा में विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग से रेनू बाला गोस्वामी, डॉ० मोनिका त्रिपाठी, मेघा शर्मा, नीरज गौर, शुभम तिवारी आदि शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

# Media Coverage

## Oct – 2025

## पी० के० विश्वविद्यालय में ‘सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी’ थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न (दिनांक – 8 Oct 2025)







पीके विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

**वन्य जीव संरक्षण पर राष्ट्रीय वेबिनार का हुआ आयोजन**

शिवपुरी@ पत्रिका. पीके विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय और इंडियन बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय वन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और ग्रह में निवेश था। कार्यक्रम में देशभर से वन्यजीव संरक्षण, शिक्षा और वित्त के क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। वेबिनार का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण की चुनौतियों, उनके लिए वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता और इसमें मानव केंद्रित दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डालना था। वेबिनार में मुख्य संरक्षक के रूप में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेपी शर्मा एवं संरक्षक के रूप में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ जेके मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने वन्य जीव संरक्षण के महत्व पर अपने विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि केवल सरकारी प्रयासों से ही नहीं, बल्कि समुदाय आधारित संरक्षण पहल और निजी क्षेत्र के निवेश से ही वन्यजीवों के आवासों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि संरक्षण के प्रयासों को टिकाऊ बनाने के लिए, हमें स्थानीय लोगों को सशक्त बनाने और उन्हें संरक्षण प्रक्रिया में भागीदार बनाने की आवश्यकता है।

## पी० के० विश्वविद्यालय में ‘सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी’ थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न (दिनांक – 10 Oct 2025)




**पी.के. विश्वविद्यालय में नुक्कड़ नाटक के जरिए विद्यार्थियों को एन.ई.पी. 2020 से कराया गया परिचित**

स्वदेश समाचार ■ झांसी

पी.के. विश्वविद्यालय, शिवपुरी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.-2020) की जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'नुक्कड़ नाटक' अभियान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एन.ई.पी. सारथी कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ, जिसमें छात्रों ने अभिनय के माध्यम से नई शिक्षा नीति के बदलावों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।

समन्वयक डॉ. कौशल नरेश अमर ने बताया कि नाटक का उद्देश्य एन.ई.पी. 2020 के बहुविषयक दृष्टिकोण और कौशल विकास जैसे पहलुओं को सरल व मनोरंजक रूप में समझाना था।

इस अवसर पर वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) योगेश चंद्र दुबे, प्रो. मुकेश चंसोरिया, डॉ. जे.के. मिश्रा, डॉ. ऐमन फातमा, डॉ. जितेंद्र मलिक, प्रो. महालक्ष्मी जौहरी सहित विश्वविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

**आम सूचना**

मैं, Meena Devi माता नं JC-424343H Sub Deepak Kumar यह सूचित करना चाहती हूँ कि मैंने अपना नाम Meena Devi जन्मतिथि 20-07-1960 से बदलकर नाम Mina Devi जन्मतिथि 01-01-1953 कर लिया है समान्य दर्ज करे ।



विश्वविद्यालय में नुक्कड़ नाटक के दौरान मौजूद विद्यार्थी व डीन अकादमिक।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पहलुओं से नुक्कड़ नाटक में कराया परिचित**

शिवपुरी. पीके विश्वविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की व्यापक जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक 'नुक्कड़ नाटक' जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के एनईपी सारथी कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य विषय एनईपी 2020 के माध्यम से उच्च शिक्षा को बदलना है। नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल पर किया गया। इस दौरान, विद्यार्थियों ने अभिनय के माध्यम से यह दर्शाया कि कैसे यह नई शिक्षा नीति उच्च शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली है।

एनईपी सारथी के समन्वयक डॉ कौशल नरेश अमर ने बताया कि यह आयोजन एनईपी 2020 के बहु विषयक दृष्टिकोण, कौशल विकास और शिक्षा के भावी स्वरूप जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को सरल तरीके से छात्रों और आम जनता तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस सफल पहल के लिए एनईपी सारथी टीम और सभी प्रतिभागी छात्रों की सराहना की। इस अवसर पर पीके विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्देशक डॉ जेके मिश्रा, वाईस चांसलर प्रो योगेश चन्द्र दुबे, प्रो वाईस चांसलर प्रो मुकेश चंसोरिया, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेन्द्र मलिक, डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो महालक्ष्मी जौहरी एवं समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

## पी० के० विश्वविद्यालय में 'सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी' थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न (दिनांक – 4 Nov 2025)







## पी० के० विश्वविद्यालय में 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पर सामूहिक गायन आयोजित (दिनांक – 8 Nov 2025)







## राष्ट्रीय मयूर दिवस पर पी० के० विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वेबिनर आयोजित (दिनांक – 16 Nov 2025)









# <u>पी० के० विश्वविद्यालय एवं मनुप्र गुड्स के बीच एमओयू हस्ताक्षरित (दिनांक – 21 Nov 2025)</u>



P.K. UNIVERSITY
SHIVPURI (M.P.)
media coverage

## पी.के. विश्वविद्यालय और मनुप्र फूड्स के बीच एमओयू हस्ताक्षरित, छात्रों को मिलेगा आरएडबल्यूई व इंडस्ट्रियल अटैचमेंट स्कीम का लाभ

स्वदेश समाचार ■ झांसी

पी.के. विश्वविद्यालय शिवपुरी और झांसी की मनुप्र फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच मंगलवार को एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य छात्रों को कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।

एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. (डॉ.) योगेश चंद्र दुबे और कंपनी की ओर से प्रबंध निदेशक श्री प्रवीण वर्मा ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता भारत सरकार की आरएडबल्यूई (रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस) एवं इंडस्ट्रियल अटैचमेंट स्कीम के अंतर्गत किया गया है, जो वर्ष 2025 से 2031 तक प्रभावी रहेगा। समझौते के अनुसार मनुप्र फूड्स द्वारा 50 प्रशिक्षुओं की क्षमता वाला पूर्ण रूप से सुसज्जित प्रशिक्षण हॉल उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी प्रशिक्षुओं के लिए बोर्डिंग-लॉजिंग की व्यवस्था करेगी तथा इंटरनेट, सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर सुविधाएँ भी प्रदान करेगी। प्रशिक्षण एवं औद्योगिक दौरों के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी कंपनी की होगी। एमओयू के तहत विश्वविद्यालय प्रशिक्षण से संबंधित पाठ्यक्रम की रूपरेखा और प्रशिक्षुओं की सूची कंपनी को उपलब्ध कराएगा, जिसके आधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इस समझौते को छात्रों के भविष्य और कौशल विकास की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है।

स्वदेश

21 NOVEMBER 2025

1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in



P.K. UNIVERSITY
SHIVPURI (M.P.)
media coverage

बिजनेस न्यूज

## पीके यूनिवर्सिटी व मनुप्र फूड्स के बीच एमओयू हस्ताक्षरित

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान मौजूद कुलपति व प्रबंध निदेशक।

### छात्रों को मिलेगा इंडस्ट्रियल अटैचमेंट स्कीम का लाभ

**शिवपुरी.** छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और औद्योगिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीके यूनिवर्सिटी, शिवपुरी और झांसी स्थित मनुप्र फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते पर पीके यूनिवर्सिटी की ओर से कुलपति प्रो योगेश चंद्र दुबे और मनुप्र फूड्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रबंध निदेशक प्रवीण वर्मा ने हस्ताक्षर किए।

यह एमओयू भारत सरकार की रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस एवं इंडस्ट्रियल अटैचमेंट स्कीम के अंतर्गत किया गया है, जिसका उद्देश्य कृषि एवं उद्योग क्षेत्र में छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान करना है। यह समझौता वर्ष 2025 से 2031 तक (5 वर्ष) के लिए मान्य रहेगा। समझौते के अनुसार मनुप्र कंपनी द्वारा 50 अभ्यर्थियों की क्षमता वाला एक सुसज्जित प्रशिक्षण हॉल उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी प्रशिक्षुओं के लिए उचित बोर्डिंग एवं लॉजिंग (हॉस्टल) की व्यवस्था करेगी तथा इंटरनेट सुविधा, सॉफ्टवेयर सहित कंप्यूटर लैब भी उपलब्ध कराएगी। प्रशिक्षण और ऑफ कैंपस विजिट्स के दौरान प्रशिक्षुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी कंपनी की होगी। इसके साथ ही यह भी तय किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रशिक्षुओं की सूची समय समय पर कंपनी को उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके आधार पर कंपनी प्रशिक्षण कार्यक्रम को संचालित करेगी। इस एमओयू से छात्रों को न केवल रोजगारपरक कौशल प्राप्त होगा, बल्कि उन्हें कृषि एवं खाद्य उद्योग के कार्यप्रणाली की गहराई से समझ भी मिल सकेगी।

पत्रिका

21 NOVEMBER 2025

1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in

# <u>पी० के० विश्वविद्यालय में फ्रेशर पार्टी 2025 का भव्य आयोजन (दिनांक – 22 Nov 2025)</u>



P.K. UNIVERSITY
SHIVPURI (M.P.)
media coverage

## नैंसी बनीं मिस फ्रेशर, कार्तिक चुने गए मिस्टर फ्रेशर

### पी.के. विश्वविद्यालय में 'फ्रेशर्स पार्टी 2025' का भव्य आयोजन

**शिवपुरी (म.प्र.)।** पी.के. विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा 21 नवंबर 2025 को 'फ्रेशर्स पार्टी 2025' का भव्य आयोजन विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागन्तुक विद्यार्थियों का स्वागत करना और उन्हें विश्वविद्यालय के वातावरण से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में कुलाधिपति जे.पी. शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे.के. मिश्रा, कुलपति प्रो. (डॉ.) योगेश चंद्र दुबे सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। वरिष्ठ छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत, नाटक और फायर डांस ने समारोह में उत्साह भर दिया। नवागन्तुक विद्यार्थियों के परिचय सत्र और रैम्प वॉक ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। निर्णायक मंडल ने बी.फार्मा प्रथम वर्ष की नैंसी राय को मिस फ्रेशर और कार्तिक रतमेले को मिस्टर फ्रेशर 2025 चुना। विजेताओं को सम्मान पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। कुलपति प्रो. दुबे और प्रशासनिक निदेशक डॉ. मिश्रा ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने की प्रेरणा दी। फार्मेसी संकाय के प्रधानाचार्य डॉ. विवेक गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के आत्मविश्वास व सृजनात्मक क्षमता को बढ़ाते हैं।

कार्यक्रम का संचालन नैंसी राय और सहायक अध्यापिका रेखा निगम ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विवेक गुप्ता ने किया। समारोह में विश्वविद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पत्रिका

22 NOVEMBER 2025

1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in

## पी० के० विश्वविद्यालय में आईएमडी के सहयोग से 7वीं राष्ट्रीय कृषि संगोष्ठी का आयोजन (दिनांक – 25 Nov 2025)










सात दिवसीय परामर्श शिविर का समापन


**आयुर्वेद की पद्धति को जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य : मिश्रा**

शिविर में मरीजों का परीक्षण करने के लिए मौजूद डॉक्टर।

**शिवपुरी @ पत्रिका.** जिले के दिनारा में थनरा स्थित पीके युनिवर्सिटी में संचालित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल ने करैरा के बगीचा वाले हनुमान मंदिर पर 7 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इसका समापन मंगलवार को हुआ। शिविर में सैकड़ो की संख्या में लोगो ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया।

स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल के अनुभवी एवं योग्य चिकित्सकों के माध्यम से निशुल्क उपचार और चिकित्सा परामर्श प्राप्त किया।निशुल्क परीक्षण व परामर्श शिविर में आयुर्वेद पद्धति द्वारा स्त्री, पुरुष एवं बच्चो से संबंधित रोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया गया। हॉस्पिटल के अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर में योग्य डॉक्टरों की एक टीम सहित जनरल, फिजिशियन, डायबिटीज, थायराइड, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं अन्य डॉक्टरों द्वारा मरीजों की बीपी, शुगर, वजन, लीवर, किडनी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, चर्म रोग, पीलिया, गठिया रोग ;जोड़ों का दर्द आदि रोगों की जांच करते हुए उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इसके अलावा पंचकर्म थैरेपी की सुविधा भी प्रदान की गई।

## पी० के० विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 3 दिसम्बर से (दिनांक – 29 Nov 2025)




**पी.के. विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षाएँ 3 दिसंबर से प्रारंभ, डेटशीट जारी**

**शिवपुरी।** पी.के. विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारणी (डेटशीट) जारी कर दी है। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की गई डेटशीट के अनुसार प्रथम, तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर की परीक्षाएँ 3 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जाएँगी।

जिन पाठ्यक्रमों की परीक्षाएँ होंगी, उनमें इंजीनियरिंग, विधि, वाणिज्य एवं प्रबंधन, कला एवं विज्ञान, फार्मेसी, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन, कृषि संकाय शामिल हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वेतुरंत डेटशीट को वेबसाइट से डाउनलोड कर अपनी तैयारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारंभ कर दें। किसी भी जानकारी या स्पष्टीकरण हेतु छात्र परीक्षा विभाग से 7241115089 पर संपर्क कर सकते हैं।




**पीके विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 3 से होंगी**

**शिवपुरी.** पीके विश्वविद्यालय ने 3 दिसंबर 2025 से आयोजित होने वाली विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए समय सारणी जारी कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संबंधित पाठ्यक्रमों की डेट शीट को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

जारी की गई सूचना के अनुसार, इंजीनियरिंग, विधि, वाणिज्य, कला, विज्ञान, प्रबंध, फार्मेसी, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन एवं कृषि पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय, पंचम एवं सप्तम) परीक्षाएं 3 से 30 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जाएंगी । विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र छात्राओं को यह निर्देश दिया है कि वे अपनी संबंधित परीक्षा की समय सारणी को तुरंत विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर ले और उसके अनुसार अपनी परीक्षा की तैयारी शुरू कर दे। किसी भी अन्य जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए छात्र परीक्षा विभाग से 7241115089 नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

## पी० के० विश्वविद्यालय में दो दिवसीय प्लांट क्लिनिक प्रशिक्षण का समापन (दिनांक – 30 Nov 2025)

स्वदेश

ग्वालियर संभाग संस्करण

30 Nov 2025

# पी.के. विश्वविद्यालय में दो दिवसीय प्लांट क्लिनिक प्रशिक्षण का समापन

स्वदेश संवाददाता ■ शिवपुरी

पी.के. विश्वविद्यालय के कृषि संकाय द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्लांट क्लिनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं और स्टाफ को पौधों के रोगों की पहचान और उनके निदान की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई।

मुख्य वक्ता प्लांट क्लिनिक विशेषज्ञ डॉ. महजबीं हासमी ने प्रतिभागियों को बताया कि छोटे स्तर पर भी प्लांट क्लिनिक स्थापित कर किसानों को त्वरित समाधान दिया जा सकता है। उन्होंने प्लांट क्लिनिक की महत्ता और कृषि के भविष्य के लिए इसकी जरूरत पर जोर दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रति कुलपति डॉ. मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र मलिक और डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फसल सुरक्षा, रोग निदान के उन्नत तरीके और जैविक नियंत्रण के व्यावहारिक कौशल सिखाए गए। अंत में कृषि संकाय के डॉ. रणवीर सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र चौधरी, अजय जाटव, प्रह्लाद यादव सहित संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित रहे।

# Dec– 2025

## पी० के० विश्वविद्यालय में BAMS नवप्रवेशी विद्यार्थियों का शिष्योपनयन समारोह प्रारम्भ (दिनांक – 23 Dec 2025)




दैनिक सत्ता सुधार

अमन जैन, करैरा 7509324046

पीके विश्वविद्यालय में बीएएमएस नवप्रवेशी छात्रों का भव्य शिष्योपनयन समारोह, विधायक रमेश खटीक रहे मुख्य अतिथि




आयुर्वेदिक कॉलेज में आरोग्यपथारम्भ 2025 शुरू

चिकित्सक का दायित्व केवल उपचार ही नहीं, समाज सेवा भी है : खटीक

आरोग्यपथारम्भ का फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक।

शिवपुरी@पत्रिका, पीके विवि द्वारा संचालित पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल में सोमवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बीएएमएस नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आरोग्यपथारम्भ 2025 का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करैरा (शिवपुरी) विधायक रमेश प्रसाद खटीक तथा विशिष्ट अतिथि ग्वालियर उच्च न्यायालय के एडिशनल एडवोकेट जनरल दीपेन्द्र कुशवाहा उपस्थित रहे। विधायक ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि चिकित्सक का दायित्व केवल उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि समाज सेवा से भी जुड़ा होता है। एडिशनल एडवोकेट जनरल दीपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि आयुर्वेद विश्व की प्राचीन एवं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति है, जिसका अध्ययन करना गर्व की बात है।

इस अवसर पर कुलाधिपति जेपी शर्मा, योगेश चन्द्र दुबे, मुकेश चंसोरिया, डॉ. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, डॉ. वंदेवु भास्कर, डॉ. जितेन्द्र मलिक आदि उपस्थित रहे। यह 15 दिवसीय कार्यक्रम 7 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा।




दैनिक पालिग्राफ कन्नौज. मंगलवार 23 दिसम्बर 2025 झांसी 3

पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलिज एवं अस्पताल में आरोग्यपथारम्भ : २०२५ का हुआ शुभारम्भ




झाँसी : पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलिज में आरोग्यपथारम्भ का फीता काटकर शुभारम्भ करते करैरा विधायक।

समाजसेवा में चिकित्सक की भूमिका महत्वपूर्ण : खटीक

- पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलिज में आरोग्यपथारम्भ का शुभारम्भ

झाँसी : पीके विश्वविद्यालय शिवपुरी द्वारा संचालित पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलिज एवं अस्पताल के तत्वावधान में बीएएमएस बैच का इंडक्शन प्रोग्राम आरोग्यपथारम्भ-2025 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि करैरा विधायक रमेश प्रसाद खटीक, विशिष्ट अतिथि ग्वालियर उच्च न्यायालय के अडिशनल एडवोकेट जनरल दीपेन्द्र कुशवाहा ने किया। विधायक ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ सम्वाद करते हुए समाजसेवा में चिकित्सक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। विशिष्ट अतिथि ने जीवन में अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि सबसे प्राचीन और प्रमाणिक चिकित्सा पद्धति का अध्ययन करना गर्व का विषय है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। प्रशासनिक निदेशक डॉ. जेके मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम 7 जनवरी तक चलेगा, जिसमें विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, क्लिनिकल शिक्षा, फर्स्ट ऐड प्रशिक्षण, संस्कृत पठन-पाठन एवं लैब से जुड़ी जानकारियाँ दी जाएंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेपी शर्मा, कुलपति प्रो. योगेश चन्द्र दुबे, प्रति कुलपति प्रो. मुकेश चन्सौरिया, प्रशासनिक निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य डॉ. वंदेवु भास्कर, कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र मलिक, डीन अकैडमिक डॉ. ऐमन फातिमा, फैकल्टि ऑफ आयुष व अन्य संकायों का स्टाफ उपस्थित रहा।




आयुर्वेद भारत की प्राचीन, वैज्ञानिक, गौरवशाली चिकित्सा पद्धतिः खटीक